...पर सवाल-जवाब किए गए। ...पेश नहीं कर सकी थी।

# शाजापुर में महर्षि महेश योगी ट्रस्ट की 190 बीघा जमीन फर्जी तरीके से बेची, 4 पर केस

भास्कर न्यूज | शाजापुर

महर्षि महेश योगी के निर्देशन में बने स्प्रिचुअल रीजनरेशन मूवमेंट (एसआरएम) फाउंडेशन ऑफ इंडिया की ग्राम पिपलौदा में 190 बीघा 8 बिस्वा कृषि भूमि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बेचने का मामला सामने आया है। पुलिस ने क्रेता-विक्रेता सहित चार नामजद और अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जमीन पर ट्रस्ट की ओर से खेती करने के लिए अधिकृत विशंभर सिंह निवासी मुरैना ने सुनेरा थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। रिपोर्ट के अनुसार संस्था एसआरएम की कृषि भूमि के लिए चंद्रमोहन निवासी नई दिल्ली ने जोधपुर के आकाश मालवीय को अधिकृत कर दिया। आकाश ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमीन बेच दी। उक्त जमीन की रजिस्ट्री की जानकारी संस्था को मिली तो उन्होंने विक्रय पत्रों की नकल निकलवाई। इसके बाद सुनेरा थाने में आवेदन दिया, जिसमें बताया गया कि आकाश मालवीय ने जालसाजी कर प्रियंका सोनी, शोभा रघुवंशी और प्रियंका निगम को जमीन बेच दी। पुलिस ने मामले में सभी पर केस दर्ज किया है।

